दिनांक 06.09.2018

स्वच्छ भारत अभियान स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त श्री के0एल0 चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि निगम भिलाई द्वारा डेंगू नियंत्रण एवं रोकथाम हेतु प्रभावित वार्ड एवं अन्य वार्डों में निगम द्वारा विभागीय एवं प्लेसमेंट तथा अतिरिक्त लगाये गये सफाई कामगारों एवं श्रमिकों के माध्यम से 05 अगस्त से 06 सितम्बर तक 113138 कूलर खाली कराये गये एवं 8300 कूलर को उतरवाया गया। स्प्रे पम्प से टेलीफास का छिडकाव 109851 स्थानों में कराया गया, फागींग मशीन से 5929 स्थानों एवं 647 स्कूल, 508 आंगनबाड़ी केन्द्रो में किंगफाग का धुआं छोड़ा गया। 738048 मीटर नालियों की सफाई की गई है। जन जागरुकता हेतु 175298 पाम्पलेट का वितरण किया गया।

विभिन्न समाजसेवी संस्थान, निजी चिकित्सा संस्थान, मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, एस.एच.जी. ग्रुप के सदस्यों, पी.वी.टी. के बच्चों के सहयोग से 2335 रैली निकाली गई और कन्ट्रोल रुम से प्राप्त होने वाले शिकायतों का प्रतिदिन निराकरण किया जा रहा है। डेंगू के रोकथाम के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु होर्डिंग्स 204, कटआउट 1692 एवं फ्लैक्स 100, स्टैण्डिक होर्डिंग्स 75 विभिन्न क्षेत्रों में लगाया गया है। जन जागरुकता हेतु 06 एप्पे एवं 21 रिक्शों से डेंगू के बचाव हेतु प्रचार-प्रसार नियमित रुप से किया जा रहा है। अतिरिक्त 304 नग स्प्रे पम्प के माध्यम से कीटनाशक दवाई का छिड़काव किया जा रहा है।

दिनांक 26.08.2018 से 04.09.2018 तक को केम्प-01 एवं खुर्सीपार बीएसपी क्वाटर के पीछे सिवरेज बैक लाईन में डेंगू के रोकथाम हेतु अग्निशमन वाहन से पानी में टेमिफांस का मिश्रण कर छिड़काव कराया गया।

04 सितम्बर को 42 तालाबों में डेंगू लार्वा मच्छर उन्मूलन हेतु नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत 60 हजार गंबुजिया मछली डाली गई।

04 सितम्बर को जोन 04 अंतर्गत वार्ड 33 खुर्सीपार जोन 03 में अग्निशमन वाहन के माध्यम से 8000 लीटर पानी में 2 लीटर टेलीफांस का मिश्रण मिलाकर छिड़काव कराया गया।

05 सितम्बर को जोन 04 के वार्ड 35, 36 एवं 37 बीएसपी क्वाटर के पीछे बैक लाईन में अग्निशमन वाहन के माध्यम से 8000 लीटर पानी 02 लीटर टेमिफांस का मिश्रण कर क्वाटरों के पीछे छिड़काव कराया गया।

06 सितम्बर को रिसाली, मैत्रीनगर, प्रगतिनगर, इस्पात नगर, जोन कार्यालय, आशीष नगर, आजाद मार्कट 20 नग आवारा कुत्तो को पकड़ा गया।

डेंगू के रोकथाम हेतु प्रभावित 21 वार्ड में 100 प्रतिशत एक बार पूर्ण हो चुका है शेष सामान्य 28 वार्डों में प्रतिदिन रोकथाम की कार्यवाही की जा रही है जो लगभग 90 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है आगे कार्य निरंतर जारी है।

जनसम्पर्क अधिकारी